<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–16 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को किया संबोधित। कहा– सभी वैश्विक मंचों पर विकासशील और अल्प–विकसित देशों के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है भारत।
- मकर संक्रांति पर्व पर प्रयागराज के पवित्र संगम में एक करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी । गोरखपुर में शुरू हुआ खिचड़ी मेला। पहले दिन पचीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरू गोरक्षनाथ को चढ़ाई खिचड़ी।
- देश भर में अकेले चुनाव लड़ेगी बहुजन समाज पार्टी। बसपा मुखिया ने कहा–किसी भी पार्टी के साथ नहीं किया जाएगा चुनावी गठबंधन।
- प्रदेश में गलन भरी ठंड जारी। कई पश्चिमी जिलों में आठवीं तक के स्कूलों में बढ़ी अवकाश की अवधि।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक मंचों पर विकासशील और अल्प–विकसित देशों के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने सभी देशों के विकास में यथासंभव योगदान देने का निरंतर प्रयास किया है। वे कल नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

***भारत हर ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर ग्लोबल साउथ के हितों को पूरी मजबूती से उठा रहा है। भारत का यह लगातार प्रयास है कि हम जो भी इनोवेशन करें उससे पूरे ग्लोबल साउथ को लाभ हो, कॉमनवेल्थ देशों को फायदा हो। हम ओपन सोर्स टैक्स प्लेटफार्म भी बना रहे हैं ताकि ग्लोबल साउथ के हमारे साथी देश भी अपने यहां भारत जैसी व्यवस्थाएं विकसित कर सकें।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने यह दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं आज लोकतंत्र को स्थिरता, गति तथा व्यापकता प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

**भारत दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग मेजर इकोनामी है आज भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। भारत दुनिया का नंबर टू स्टील प्रोड्यूसर है, भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।**

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि भारतीय संसद के सात दशकों से अधिक के सफर में, जन–केंद्रित नीतियों और कल्याणकारी कानूनों के निर्माण के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाया गया है।

**********

मकर संक्रांति पर्व पर कल प्रयागराज के संगम में करीब एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान और दान पुण्य किया। मेला अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि कल शाम चार बजे तक इक्यानवे लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने वहां पवित्र स्नान किया था। सूर्यास्त तक यह संख्या बढ़कर एक करोड़ से ऊपर हो गई। इस दौरान वाराणसी और अयोध्या सहित कई अन्य जिलों की पवित्र नदियों में भी श्रद्धालुओं ने तड़के से लेकर देर शाम तक आस्था की डुबकी लगायी और दान पुण्य किया। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर का प्रसिद्ध खिचड़ी मेला भी कल से ही शुरू हो गया। खिचड़ी पर्व पर कल करीब पचीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरू गोरक्षनाथ को आस्था की खिचड़ी चढ़ाई।

**********

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के उपयोगकर्ता अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई चैटबॉट ग्रोक की मदद से लोगों की तस्वीरों को आपत्तिजनक ढंग से एडिट नहीं कर पाएंगे। एक रिपोर्ट–

***सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने बताया कि ऐसी फोटो बनाने की कोशिश करने वाले उपयोगकर्ताओं को स्थानीय कानूनों के अनुसार ब्लॉक कर दिया जाएगा। ग्रोक अभी भी आर–रेटेड फिल्मों के अनुरूप काल्पनिक वयस्कों की तस्वीरें एडिट करने की अनुमति देगा, लेकिन वास्तविक लोगों की तस्वीरें अश्लील रूप से एडिट नहीं की जा सकेंगी। समाचार कक्ष से वैष्णवी।***

**********

भारत ने ईरान में सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श में कहा है कि ईरान में चल रहे घटनाक्रमों को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक ईरान की यात्रा से बचने की सख्त सलाह दी जाती है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से उचित सावधानी बरतने और विरोध प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में ना जाने का आग्रह किया है। एक रिपोर्ट–

**विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान में निवास वीजा पर रह रहे भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि यदि उन्होंने पहले से पंजीकरण नहीं कराया है तो भारतीय दूतावास में पंजीकरण करा लें। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास की आपातकालीन संपर्क**

**हेल्पलाइन 9891281091 15, 9891281091 09, 9891281091 02, तथा 989932179 35 9 हैं। दूतावास से ईमेल के माध्यम से भी संपर्क किया जा सकता है। ईमेल का पता है–कान्स डॉट तेहरान एट एमईओ डॉट जीओवी डॉट इन इस बीच, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक परामर्श जारी करते हुए कहा है कि ईरान में उत्पन्न स्थिति को देखते हुए, देश में मौजूद भारतीय नागरिकों को वाणिज्यिक उड़ानों सहित उपलब्ध परिवहन साधनों का उपयोग करके ईरान छोड़ने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने उनसे आव्रजन दस्तावेजों को तैयार रखने को भी कहा है। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।**

**********

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी देशभर में सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी, प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। अपने सत्तरवें जन्मदिन पर कल लखनऊ में सुश्री मायावती ने यह घोषणा की। एक पत्रकार वार्ता के दौरान मायावती ने कहा कि पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि सभी छोटे–बड़े चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ना ही उचित होगा और वह किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

**********

प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। एक रिपोर्ट–

**एसआईआर के तहत मतदाता सूची से संबंधित प्रतिदिन प्राप्त होने वाले फॉर्म–छह, फॉर्म–सात एवं फॉर्म–आठ की सूची जनसामान्य की सुविधा के लिए नियमित रूप से ऑनलाइन प्रदर्शित की जा रही है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि यह सूची जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर उपलब्ध है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान लखनऊ को पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह सर्टिफिकेशन पर्यावरण प्रबंधन, कुशल संसाधन उपयोग, अपशिष्ट में कमी, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय प्रदर्शन में निरंतर सुधार के प्रति संस्थान के व्यवस्थित दृष्टिकोण को मान्यता देता है। संस्थान के महानिदेशक रंजन प्रकाश ठाकुर ने कहा कि यह सर्टिफिकेशन सतत विकास और जिम्मेदार शासन के प्रति संस्थान की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्थान अपने पर्यावरणीय पहलों को मजबूत करना जारी रखेगा।

**********

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता आज से शुरू हो रही है। इसमें अलग–अलग राज्यों के इक्तीस विश्वविद्यालय प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. राज वीर सिंह ने बताया कि छह वर्ष बाद होने जा रही अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए परिसर में व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**********

प्रदेश भर में गलन भरी ठंड और कुछ स्थानों पर कोहरे का प्रकोप जारी है। एक रिपोर्ट–

**राज्य में भीषण शीत लहर के कारण कई स्थानों पर पारा लगातार गिर रहा है। कई जिलों में न्यूनतम तापमान 3 से 6 डिग्री के बीच बना हुआ है। घने कोहरे ने रेल और सड़क यातायात को बुरी तरह प्रभावित किया है, खासकर राज्य के पश्चिमी और तराई क्षेत्रों में। लंबी दूरी की ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही हैं, जबकि खराब दृश्यता के कारण सड़क यातायात का भी हाल बुरा है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ**

मौसम विभाग ने आज और कल भी प्रदेश में कुछ स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अठारह और उन्नीस जनवरी को प्रदेश में कहीं कहीं बहुत हल्की वर्षा की संभावना है। ठंड और शीतलहर के कारण प्रदेश के बदायूं, संभल, पीलीभीत और अमरोहा सहित कई अन्य जिलों में कक्षा आठवीं तक के स्कूलों में कल तक के लिए अवकाश की अवधि बढ़ा दी गई है।

**********